राजधानी •
वर्ष 17 | अंक 223 | पृष्ठ : 14+8
मूल्य : तीन रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 21 नवंबर 2019

मुलाकात कैलाश खेर बोले-मैं कल को आकार देने निकला हूं...10

दिल्ली-एनसीआर

ई-स्कूटर से वायु प्रदूषण कम करने की पहल

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी-1 और 2 में बिल्डर ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ई-स्कूटर की सुविधा दी है। यह ई-स्कूटर एक रुपये प्रति मिनट के किराये पर मिलेगा। इससे 42 किलोमीटर तक यात्रा की जा सकती है।

वहीं, इसकी बुकिंग केवल मोबाइल एप्लीकेशन से ही होगी। ई-स्कूटर को चलाने के लिए भी एप का प्रयोग किया जाएगा। सोसाइटी के लोग एक माह के लिए भी इसे किराये पर ले सकते है। एक माह का किराया करीब 3500 रुपये होगा। ई-स्कूटर का निर्धारित क्षेत्र 42 किलोमीटर है, इससे आगे यह नहीं जाएगा। फर्स्ट एवेन्यू और गलेरियरा

ई-स्कूटर का शुभारंभ करते अतिथि।

बाजार में 20 ई-स्कूटरों को रखा गया है। वहां से सोसाइटी के लोग इसका प्रयोग कर सकेंगे। 16 साल उम्र से ऊपर के लोगों को ई-स्कूटर दिया जाएगा। इसमें लाइसेंस की

ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी में दो जगहों पर मिलेंगे 20 ई-स्कूटर, एक रुपये प्रति मिनट होगा किराया

जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, एप की मदद से लोकेशन का पता भी लगा सकेंगे। स्थानीय निवासी हिर्दय ने बताया कि ई-स्कूटर से आवागमन में समय कम लगेगा। हर जगह के लिए कार निकालने की जरूरत नहीं होगी और सफर भी आसान हो जाएगा।

ई-स्कूटर की सुविधा के उद्घाटन के मौके पर गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि गौड़ सिटी के अंदर यातायात काफी ज्यादा रहता है। ई-स्कूटर से निजी वाहनों की संख्या कम हो जाएगी और वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी।